❀ ओ३म् तत्सत् ❀

SAHAJ MARGA

सहज मार्ग

वर्ष ५ — अंक ३

Year 5 — Number 3

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर (उ० प्र०)

(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission

Shahjahanpur. U. P. (India)

सम्पादक मण्डल

काशीराम अग्रवाल, शाहजहाँपुर

सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ० प्र०)

वार्षिक मूल्य ३) — एक अंक का १)

प्रकाशक- श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेन्ट

शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश (भारतवर्ष)

विषय सूची

	विषय	लेखक	पृष्ठ संख्या
१	प्रार्थना		१
२	सम्पादक की बात		२
३	ब्रह्म ज्ञान—	समर्थ गुरू महात्मा रामचन्द्र जो महाराज फतेहगढ़	३
४	उद्देश्य-उन्मुखता—	श्री रामचन्द्र जो, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन	६
५	तब ? और अब ??	कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी	८
६	"धूप के प्रयोग"	ले० काशीराम अग्रवाल	१३
७	गजल	श्री सुरेन्द्रप्रतापसिंह एम० ए०	१५
८	ईश्वर साकार है या निराकार—	ईश्वर सहाय	१७
९	सुख	कुमारी छाया सक्सेना एम० ए०	१९
१०	सहज मार्ग की भूमिका		२२
11	The Ideal and Short comings	(Shri Ram Chandra Ji President S. R. C. M.	33
12	My Master	(Shri Raghavendra Rao B. Sc. B. E. M. I. S. E.)	37
13	The triple bodies	(Dr. K. C. Vardachari M. A. Ph. D.	40
14	Master's thoughts		46
15	Sidhis and Miracles.	(Sri Ishwar Sahai)	47
16	Master's thouhgts		54
17	Religion and happiness	(Shri M. L. Agarwala. M. A. B. T.)	55
18	Master's thoughts		57
19	Experiences of an Abhyasi		58

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।

(उठो ! जागो !! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो!!!)

वर्ष ५] शाकाब्द १८८३, सं० २०१८ विक्रमी [अङ्क ३

Year 5] Year 1961 [No. 3

* प्रार्थना *

हे नाथ, तू ही मनुष्य-जीवन का ध्येय है ।

हमारी इच्छाएँ हमारी उन्नति में बाधक हैं ।

तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है ।

बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ।

[श्री रामचन्द्र मिशन की दैनिक प्रार्थना]

सम्पादक की बात :—

अपनी पत्रिका के सहृदय ग्राहकों और पाठकों को यह सूचित करते हुये हमें हर्ष हो रहा है कि पिछले कुछ अंकों के प्रकाशन में जो देर हो जाती थी, वह अब दूर हो गई है। समर्थ सद्गुरु के आशीष और सहृदय पाठकों के स्नेह का सम्बल ले कर हमारी पत्रिका प्रगति-पथ पर उत्तरोत्तर अग्रसर होती रहे, यही उस अनन्त परमात्म शक्ति से हमारी प्रार्थना है।

गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्रद्धेय 'बाबू जी' ने आखिल सृष्टि को आध्यात्मिक प्राणाहुति से आप्लावित किया।

हमारे मिशन में दो ही उत्सव विशेष महत्वपूर्ण हैं, एक तो सहज मार्ग के समर्थ आदि गुरु श्रद्धेय महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, फ़तेहगढ़ की जन्म तिथि बसन्त पञ्चमी, और दूसरा श्री कृष्ण जन्माष्टमी। बसन्तोत्सव हमारा वार्षिकोत्सव भी है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन निराहार बृत रखने का नियम है। इस अवसर पर जो भाई बहिन शाहजहांपुर पहुँच कर श्रद्धेय सद्गुरु के समीप रह सके वह विशेषत: बधाई के पात्र हैं।

पत्रिका को विषय वस्तु और आर्थिक स्वावलम्ब की दृष्टि से सम्पन्न बनाने के लिए सभी सहृदय पाठकों की सहायता अपेक्षित और प्रार्थित है। इस के ग्राहकों की सख्या बढ़ाने के लिए सभी से हमारी विनम्र प्रार्थना है।

—सम्पादक

ब्रह्म ज्ञान— *

[समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, फ़तेहगढ़]

अन्धा देखे अद्भुत लीला, देखा पार न पावे।
गूंगा बोले अद्भुत बानी, बोला गूंगा बन जावे॥

मन नदीदम हैच व मन दीदम हमा।
हैच नशुनीदम व बशुनीदम हमा॥ १

प्रकृति का नियम ऐसा ही है। यह रचना तीन गुणो वाली है— सत, रज और तम।

(१) 'तम' में भाव, प्रकट पना, उत्थान (व्यक्त होना) और बूद ('है'-पना) २ है।

(२) 'सत' में सिमटाव, अप्रकटपना, अदम (क्षीणता), और महवियत (डुबाव)३ है। किन्तु अदम और अप्रकटपने को भूल कर भी नेस्ती (अनस्तित्व) ४ न समझना चाहिए, नहीं तो धोखा हो जायेगा। वह हस्ती (अस्तित्व)५ की केवल सिमटाव की दशा है। सिमटाव या अदम (क्षीणता) नेस्ती (अनस्तित्व) नहीं है।

(३) इस उत्थान-सिमटाव, प्रकट-अप्रकट पना,

भाव-अभाव, बूद नाबूद आदि के दृश्यों का देखने वाला नाज़िर (साक्षी) ६ 'रज' की सम्मिलित अवस्था है, जो सत और तम की ग्रन्थि अथबा जड़ और चेतन की गिरह है।

तम मादा (पदार्थ) है, सत् रूह (आत्मा) है, और रज दिल (हृदय) है। यह कैफ़ियत (स्थिति) ब्रह्माण्ड अर्थात् आलमे-कबीर में भी है। और पिण्ड अर्थात् आलमे सग़ीर में भी है।

---

* पिछले अङ्कों में प्रकाशित 'अध्यात्म' शीर्षक लेख से आगे का लेख।

१- मैं ने कुछ भी नहीं देखा, और मैं ने सभी कुछ देखा।
मैं ने कुछ भी नहीं सुना, और मैं ने सभी कुछ सुना॥

२- *Is-ness* ३- *Absorption* ४- *Non-existence* ५- *Existrnce*
६- *Witness* ७- *Size* ८- *Expanse*

दोनों जगह एक जैसा नक़शा है। जिस प्रकार कि हम अपने शरीर में जागने के समय उठते, और गहरी नींद में सिमटते, और बीच की हालत में स्वप्न देखते हैं, वैसे ही उसी प्रकार का एक वजूदे-अज़ीम (विराट् अस्तित्व) भी है, जो बिल्कुल यही व्यवहार करता है, और करता रहता है। इस विराट् अस्तित्व को ऋषि ब्रह्म कहते हैं और सूफ़ी खुदाये-अज़ीम कहते हैं। केवल जिस्मानियत, क़ामत (डील डौल) ७ और जरूक़ामत (विस्तार) ८ का अन्तर है। उसके लिए 'जीव' शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिए: जीव तो छोटी सृष्टि कहलाती है। वह विराट् अस्तित्व भी दिल है, जड़ और चेतन की ग्रन्थि है: लोग साफ़ साफ़ कहने से डरते हैं।

वह विराट् अस्तित्व (ब्रह्म) (१) जड़ और चेतन की ग्रन्थि है,. (२) सत्-तम की रजोगुणी सम्मिलित अवस्था है,. (३) हमारी और तुम्हारी तरह जागता, सोता और लय अर्थात् महव् होता है,. (४) हमारी तरह व्यवहार भी करता है,. (५) हाँ, यह अवश्य है कि वह बड़ा है, हम छोटे हैं। वह असीम, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक और सर्वान्तर्यामी है; और हम सीमित, अल्पज्ञ, अल्पव्यापक और अल्पान्तर्यामी हैं। यही अन्तर है। हमारा नाम जीव है, उसका नाम ब्रह्म है। ऋषि इसको समझते थे, इसी लिए उसका नाम ब्रह्म रक्खा। इस के अर्थ पर ध्यान दो: 'बृहत्' का अर्थ 'बड़ा'; और 'मन' का अर्थ 'दिल'; 'बड़ा दिल' वाला ही ब्रह्म है। ज़रतश्त नबी के पैरोकार (*Followers*) सूफ़ी उस को इस नाम से नहीं जानते थे। अधिक अच्छे शब्द के अभाव में उस को खुदा-ए ईज़द कहते थे। लेकिन इशारे समझने की अक़्ल उन में भी थी। सोचने वाला जब हो गा, मन ही हो गा। लेकिन 'बृह' के अर्थ बड़े और बड़े होने वाले के भी हैं। समय समय की बात है; अतः समझो कि ब्रह्माण्डी मन 'ब्रह्म' है, और पिण्डी मन 'जीव' है। वह आसमानी दिल है, और यह ज़मीनी दिल है; वह एक है, यह अनेक हैं; वह सब का योग है, यह अलग अलग टुकड़ा टुकड़ा हुआ है। जीव मूढ़ है, जीव अज्ञानी है,
जीव ज्ञानी भी होता है, जीव चंचल भी रहता है। ब्रह्म मूढ़ है, ब्रह्म अज्ञानी है, ब्रह्म ज्ञानी है, और चंचल है। यह गुण यदि ब्रह्म में न होते, तो जीव में भी न होते।

ब्रह्म भी साकार अर्थात् शरीरधारी है। जब ब्रह्म को ब्रह्माण्डी मन कह दिया गया तो मन या दिल तो स्वयं शरीर हो गया या नहीं! शारीरिकता के गुण से वह रिक्त और वञ्चित कैसे रह सकता है? यह माद्दियत की जिस्म (इन्द्रिय गम्य शरीर) तुम्हारा स्थूल शरीर है; यह ब्रह्माण्ड माद्दा का तूदा (अखिल सृष्टि) ब्रह्म का स्थूल शरीर है, और पदार्थ (माद्दा) की दृष्टि से ऐसा ही है। यह दिल या मन (पिण्डाण्ड) तुम्हारा सूक्ष्म शरीर है; इस अखिल सृष्टि के सामूहिक विचारों के ढेर की ग्रन्थि (ब्रह्माण्ड) ब्रह्म का सूक्ष्म शरीर हैं। यह आत्मा (ठहराव की असली जगह बीजरूपता) तुम्हारा कारण शरीर है; इस अखिल सृष्टि के ठहराव का मूल आधार (ब्रह्म लय अवस्था की बीजरूपता) ब्रह्म का कारण शरीर है। अब दोनों के रूप हो गये, तो उनके नाम भी होंगे।

स्थूल शरीर अर्थात् कसीफ़ जिस्म से सम्बन्धित जीव को शास्त्र 'विश्व' का नाम देते हैं, जिस का अर्थ सूचक अनुवाद 'ज़मीनी' (पार्थिव) है। सूक्ष्म शरीर अर्थात् मन या दिल से सम्बन्धित जीव को शास्त्र 'तेजस' का नाम देते हैं, जिस का अर्थ-सूचक अनुवाद चंचल है। कारण शरीर अर्थात् आत्मा (रूह) से सम्बन्धित जीव को शास्त्र 'प्राज्ञ' का नाम देते हैं, जिस का अर्थ सूचक अनुवाद शान्ति या सुकून है; 'प्राज्ञ' का अनुवाद इस संदर्भ में 'ज्ञानी' नहीं है: आत्मा या कारण शरीर में ज्ञान नहीं होता।

यह जीव के नाम थे, जो तीन शरीरों के सम्बन्ध से थे। अब ब्रह्म के नाम सुनो:—

[१] स्थूल शरीर अर्थात् कसीफ़ जिस्म से सम्बन्धित ब्रह्म को शास्त्र 'विराट्' कहते हैं. जिस का अर्थ सूचक अनुवाद 'ऊंचा स्वर' (बुलन्द आवाज़) है।

[२] सूक्ष्म शरीर अर्थात् दिल से सम्बन्धित ब्रह्म को शास्त्र 'अव्याकृत' या 'अन्तर्यामी' कहते हैं। 'अन्तर्यामी' का अर्थ-सूचक अनुवाद 'आन्तरिक यात्रा' (बातिनी सैर) है; और 'अव्याकृत' का अर्थ-सूचक अनुवाद 'नज़र न आने वाला कर्त्ता' है।

[३] कारण शरीर अर्थात् आत्मा से सम्बन्धित ब्रह्म को शास्त्र 'हिरण्य गर्भ' कहते हैं, जिस का अर्थ सूचक अनुवाद 'सोने के अण्डे के रूप में शान्त या स्थिर रहने वाला' है। यहां भी ज्ञान से कोई सम्बन्ध नहीं है।

यह ब्रह्म के तीन नाम जीव की दृष्टि से तीनों शरीरों के सम्बन्ध से बताये गये हैं। ब्रह्म, ब्रह्माण्डी दिल अर्थात् अखिल सृष्टि के हृदय को कहते हैं; और तुम्हारे दिल की भी यही परिभाषा है।

(क्रमशः)

उद्देश्य-उन्मुखता

[श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन]

खत तो आप का एक मुद्दत से नहीं आया। छुट्टियों में भेंट जरूर हुई परन्तु उस समय कभी मैं अपने आप को देखता था और कभी आप को। और यह तौला नापी यहां तक रही कि मैं आप से कुछ कह भी न सका।

तराजू में जब बाँट रक्खा जाता है तभी उससे किसी वस्तु का भार मालूम हो सकता है। और बाँट भी प्रमाणित या (Stendard) होना चाहिये। अध्यात्मिकता में भी ऐसे ही बांट की जरूरत है। जिस पर ईश्वर नामी छाप लगी हो। तो भाई यही छाप तुम उस वस्तु में क्यों नहीं लगा लेते जिसमें तुम्हारी भी तौल होती चली आये और उस भार का तुम्हें ज्ञान होता जाय। भार से मेरा अभिप्राय प्रेम और अभ्यास से है। और छापदार बाँट से सिखाने वाले का ख्याल जब यह चीजे ठीक हों तभी कबीर का वाक्य सिद्ध होता है।

कद्दू बूड़े सिल उतराय।
ओलती का पानी बड़ेरी जाय॥

पहलवान व्यायाम करता है इस लिये कि उसका शरीर बलवान हो जाय एक मजदूर भी दिन भर कठिन परिश्रम करता है। मगर

उसका शरीर पहलवान जैसा बलवान नहीं बनता। कारण यह है कि पहलवान का शारीरिक बल प्राप्त करने की तरफ रहता है और मजदूर का ध्यान केवल चार पैसे पाने में। इस लिये पहलवान बल प्राप्त करता है और मजदूर केवल चार पैसे। इसी प्रकार से अभ्यास करने में ध्येय दृष्टि में होना चाहिये। और फिर उसके लिये परिश्रम। परिश्रम यदि बेगार समझ कर किया जावे तो उसमें कोई लाभ नहीं। इसमें (will और जजबां लगाव) पैदा होना चाहिये मैं इस विषय में पहले भी लिख चुका हूँ। Deep meditation का अर्थ भी यही है कि पूरी तौर से लगाव पैदा करके एकाग्र चित से ध्यान करते हुये ध्येय की ओर दृष्टि रहे। यह आवश्यक नहीं कि ध्यान करते समय ध्येय की याद बार बार करे बल्कि ध्येय प्राप्ति की लगन दिल में मौजूद रहे अगर यह नहीं है तो भाई यह मजदूरी भी नहीं बल्कि बेगार है।

मकान बनाया और टेढ़ी बेढ़ी ईट लगी तो फायदा ही क्या। हमें तो भाई अपना घर बनाना है। इसकी तरकीब यही है कि यह घर बिगाड़ो और वह बनाओ इस को बिगाड़ने से मेरा अभिप्राय यह है कि इस घर को अपना न समझो बल्कि उस घर को अपना समझो जहां हमेशा रहना है। इस घर को मान लीजिये आप अपना समझले तो भला कब तक समझते रहेगे आखिर एक दिन यह छूटना ही है। इसके बाद फिर कोई दूसरा घर ऐसा ही मिलेगा जिसके बनाने और समारने में लगेगे और यह चक्कर चलता ही रहेगा अब बताए कि उस घर को जो बराबर बदल रहा है आप अपना कैसे कह सकते हैं। वह अपना तो इस लिये भी नहीं हुआ कि हमें उसका किराया अदा करना पड़ता है। अर्थात् उसकी लेस-पोत करना पड़ती है। और उससे सम्बन्धित अन्य बातों में समय और शक्ति लगाना पड़ती हैं। अब जितने भी घर आप ने बनाए वह वास्तव में आपके न हुये तो भाई उन्हे अपना समझना गलती है। तो भाई आप उस घर के बनाने में क्यों नहीं लग जाते जिसमें न कुछ देख भाल करना है। न कोई उसमें अन्य कोई बन्धन है। मेरे असल अभिप्राय को समझने की चेष्टा करिये : इस घर से मेरा मतलब अपने शरीर से है।

—एक अभ्यासी के पत्र से उद्धृत

तब ? और अब ??

(कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी)

"दूर वृक्ष के नीचे कदाचित कोई स्त्री पड़ी है !" श्रद्धा ने कहा। वह घट लिये हुये उसी ओर बढ़ी। वृक्ष के पास पहुँच कर पल भर ठिठकी, पुनः उसके पार्श्व में जाखड़ी हुई। झुक कर ध्यान से स्त्री का मुख देख कर मानों कुछ स्मरण करने का प्रयास करने लगी। कुछ समझ में न आया। पास बैठ गई। स्त्री अचेत थी। आस पास कोई दिखाई न पड़ता था। सर्व प्रथम जल भरने पनघट पर वही आया करती थी, ऐसा तो उसने कभी न देखा था और उसका यह क्रम नया नहीं वरन् उसे स्वयं स्मरण नहीं कि कबसे इसी क्रम से उसका जीवन चलता आरहा था।

'किन्तु यह स्त्री कौन होसकती है ? वह इसी बिचार में चिन्तित सी मुद्रा में बैठी थी। छोटा सा गाँव और उसमें भी उजड़ी सी बस्ती, कुछ समझ में न आरहा था कि कहां जाये ! क्या करे !! किससे सहायता माँगे !!!

एकाएक वह उठ खड़ी हुई। शीघ्रता से पनघट पर गई, घट भरा और लौट पड़ी। पुनः उसके पास बैठकर स्त्री के मुख पर शीतल जल के छींटे देने लगी और बार २ मुख धोने लगी तथा आँचल से हवा करने लगी। कुछ देर यही उपक्रम करने के पश्चात् स्त्री में परिवर्तन दिखाई पड़ने लगा। वह और शीघ्रता से उसके मुख पर हवा करने लगी-फलस्वरूप एक कराह के साथ स्त्री ने नेत्र खोल दिये। इधर उधर दृष्टि दौड़ाने के उपरान्त उसके नेत्र श्रद्धा के प्रसन्न मुख पर जा टिके।

"बेटी पानी ?" उसके शुष्क होठ खुले और आपस में दो बार टकराये। आँचल भीगोकर बेटी उसके मुख में थोड़ा २ जल देने लगी जिससे उसके शुष्क होठ तर होगये और मुख पर चेतनता खेलने लगी। वह उठ कर बैठने का उपक्रम करने लगी किन्तु श्रद्धा ने उसे ऐसा करने से मना कर दिया। "बेटी ? तू घर जा बहुत अबेर होगई। घर में सब लोग चिन्तित होंगे। अब जल के बिना माता तेरी बाट देख रही होगी

और जल के बिना उसके कार्य भी अधूरे पड़े होंगे।"

"माँ ! मेरे लिये चिन्तित होनेवाला तथा मेरी बाट जोहने वाला कदाचित् अब कोई नहीं रह गया।"

अवाक् थी मां और देख रही थी श्रद्धा के उदास-मुख को। "क्या तेरे भाई बहिन भी कोई नहीं ?"

कुछ स्मरण करती हुई बिचारों में लीन सी होगई श्रद्धा। बचपन का धुँधला सा स्मृति-चित्र एक बार नेत्रों के सामने घूम गया। हाँ उसकी बहिन छोटी सी बहिन ही तो थी 'निठा', नहीं निष्ठा'। और भाई-'विश्वास'। और कौन ? स्मरण आया 'प्रेम' था 'प्रेम'। कितना सौम्य और सुन्दर। विश्वास, प्रेम से आयु में छोटा होने पर भी बड़ा ही तो लगता था। चञ्चल भी तो कितना था वह ?

सहसा स्त्री की प्रेममयी वाणी ने उसकी विचार श्रंखला को ज्यों का त्यों रोक दिया।

"बेटी, क्या सोच रही है ? अच्छा रहने दे अपना नाम तो बता देगी बिटिया ?" "माँ ! गांव के सबलोग मुझे श्रद्धा कह कर पुकारते हैं।"

स्त्री कुछ चौंक कर अतीत को याद करती सी बोली, "कैसा छोटा सा प्यारा नाम है। अच्छा तेरे इस छोटे से गांव का क्या नाम है ?"

"संसार पुर। परन्तु वृद्ध लोगों का कहना है कि पहले यह नगर था और इसका नाम भी इस नगर के मालिक के नाम पर था राम नगर। तब इसकी शोभा भी देखते ही बनती थी ! सर्वत्र सुख-शान्ति का साम्राज्य था। परस्पर सब लोगों में इतना प्रेम था कि यही समझ में आता था कि मानों कुल नगरी एक ही कुटुम्ब के लोगों से भरी पूरी थी। नगर का 'मालिक' देवता की भांति पूजा जाता था और वह था भी ऐसा ही। मां मुझे भी एक क्षीण सी झलक स्मरण है उसकी। यद्यपि उसके दर्शन तो कम ही हो पाते थे किन्तु जो भी, जब भी उसे देखता निहाल होजाता। देखता ही रह जाता और फिर वह जो कुछ बोलता उसे लोग मानों हृदय पर अंकित करके फिर जो कुछ लिख पाते लिख भी लेते थे; उसे जो और लोग श्रवण करते अथवा पढ़ते वे विभोर हो होउठते थे।"

माता ध्यानसे श्रद्धा की एकएक बात सुनकर मानों उन शब्दोंमें डूबती सी जारही थी। और न जाने क्यों यह सब सुन सुन कर उसका मुख उद्दीप्त होता जाता था। वह बैठी बराबर श्रद्धा का ही मुख देखे जा रही थी।

"हाँ एक बात और याद आई। मालकिन का नाम था कामना।" अब तो स्त्री के मुख का रंग बदल गया। उसके नेत्रों से झर झर अश्रु गिर रहे थे।

किन्तु श्रद्धा ? वह तो अतीत की स्मृति में इतनी बेसुध सी थी कि उसे इसका कुछ ज्ञान ही न था। पुनः बोलने लगी। "उसके दो लड़के तथा नन्हीं सी सुकोमल दूध के फेन के सदृश थी एक बालिका नाम था उसका 'निष्ठा'; और 'विश्वास' तथा 'प्रेम' थे उसके दादा। प्रेम तो बहिन की अनुहार था किन्तु विश्वास ज़रा सा चञ्चल था। परन्तु भाई बहिनों में परस्पर अपार स्नेह था और माता, पिता के तो एक संकेत पर न्यौछावर थे। मुझे तो दीदी दीदी कह कर पीछे ही पीछे फिरते।" "और कुछ ?" माँ ने कहा।

"हाँ, उन भाई बहिनों के साथ मेरा भी नगर में बड़ा मान था। और तो कुछ स्मरण नहीं।"

परन्तु यह क्या ? वह तो माता के अंक में थी और दोनों सिसकियां भर रहीं थीं। पुनः सम्हल कर माता बोली, 'आगे मैं बताऊंगी, बेटी।"

"तेरे भी पिता का नाम 'ध्या चन्द्र' तथा माता का नाम 'स्मृति' था। सती, साध्वी थी तेरी मां। तू इकलौती ही संतान थी और बहुत दुलारी। माता पिता के नेत्रों की ज्योति। और मैं ही हूँ बेटी वह 'कामना'; तथा 'मालिक' थे 'निष्ठा'-मेरी सुकुमारी लाडली के पिता। और वे 'विश्वास' तथा 'प्रेम' मेरे ही लाल हैं। बेटी तू भी मेरी ही लाड़ली की भाँति मेरे ही यहां खोई रहती। कोई भी यह न कह सकता था कि 'श्रद्धा' के माता, पिता और हैं।

फिर ?

कैसे एक दिन घोर अंधड़ तथा वर्षा आई। प्रलयकंर हाहाकार मच उठा। सब कुछ बह गया। वह ? पता नहीं न जाने कैसे,

सम्भवतः वर्षा में ही बहते २ उसका गृह एक रमणीक बस्ती (ब्रह्मलोक) में जालगा। किसी को चेतना न थी, बेसुध से थे। न जाने कैसे, कब आंख खुलने पर अपने को उस रमणीक नवीन किन्तु परिचित नगरी में पाया। नगरी का राजा 'निष्ठा' के पिता को देख कर बड़ा प्रसन्न हुआ और सब लोग आनन्दपूर्वक रहने लगे। कुछ काल व्यतीत होने पर प्राचीन गृह की खोज लेनी चाही तो पाया वह ध्वंस होचुका था और नवीन दृश्य उपस्थित था। सब स्वार्थी परस्पर ईर्षा, द्वेष से परिपूर्ण तथा काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अभिमान से ग्रसित लोगों का साम्राज्य था। सोचा कि चलें अपनी नगरी का पुनरूत्थान करें। किन्तु कौन सुनता ? सब अपने में ही व्यस्त से थे इसलिए फिर देश लौट जाना पड़ा।

अब :—

श्रद्धा को भी स्मरण आरहा था कि कैसे एक दिन घोर वर्षा में भयानक तूफ़ान में सब दूर दूर बह गये और अलग २ होगये : उसी में श्रद्धा के माता, पिता का भी पता न चला।

और तबसे :—

बेचारी श्रद्धा दीन, दुःखियों की सेवा करती, तथा सबके सुख दुःख में भाग लेती अपने फूसके झोपड़े तथा एक कोठरी में ही निर्वाह कर रही थी। नहीं तो उसे स्मरण था कि उसका सम्बन्ध तो बहुत ही श्रेष्ठ घराने से था। कभी २ स्मरण करके वह चिन्तित सी होउठती।

और अब :—

"यहां क्यों और कैसे आई माँ ?" श्रद्धा ने जिज्ञासा से पूछ ही तो लिया।

माता कहने लगी बिटिया मुझे तेरी तथा तेरे माता, पिता की भी चिन्ता थी। मैंने सुना कि अब यहाँ का राजा बड़ा ही सौम्य, सद्गुणी है। मेरे अब के नवीन नगर में भी उसका बड़ा नाम तथा मान है। उसी के दर्शनों के लिए निष्ठा के पिता से अनुमति लेकर यहां आई हूँ। और भी बहुत कुछ है श्रद्धा। सुना है उसने तेरे माता, पिता को भी

खोज कर नगरी में ला बसाया है । उनसे मिले भी बहुत समय हो गया इसीलिये चली आई ।"

श्रद्धा चौकी, "क्या सच मां ?"

"हॉ बेटी; इस नवीन सम्राट ने सबका पुनरूत्थान किया है । देखती नहीं नगर का रंग कितना पलट चुका है और पलटता जारहा है । देखना यह नगरी तबसे भी सुघर नवेली की नाई सज जावेगी ।"

"तो क्या निष्ठा, विश्वास तथा प्रेम भी साथ आये हैं ?"

'हाँ बेटी; वे तो सहज-मार्ग द्वारा उधर से ही चले गये हैं किन्तु मैंने तुझे भी साथ लेकर जाना चाहा था इसीलिये यहां आई थी । अब साथ ही चलें और रमणीक, सुहावने संसार पुर का अवलोकन करते हुये सम्राट के निकट चलें । वहीं मिलेंगे तेरे माता, पिता, निष्ठा, विश्वास तथा प्रेम भइया । सूने देश की बहार देखें ,"

श्रद्धा घट छोड़कर उठ खड़ी हुई और प्रायः पूर्ण स्वस्थ हुई माता 'कामना' के साथ होली चलते २ पूछा;

"माँ क्या निष्ठा के पिता नही आये ?"

"नहीं बेटी, वे नहीं आये । उन्होंने कहा, कि मैं तो वहॉ हूँ ही । भला मैं उसे छोड़कर जा ही कहां सकता हूँ । किन्तु अब मेरी इतनी आवश्यकता नही । नगरी के पूजन, ध्यान को अब वही राजराजेश्वर, योगेश्वर उपस्थित हैं । श्रद्धा में न जाने कितनी शक्ति आगई थी । उसे तो अपना गॉव संसारा भी बिसर चुका था । स्मृति में था तो केवल एक वही योगेश्वर । मां तथा बेटी के नेत्रों के सामने एक एक कर वही चित्र घूम जाते थे । तब ?

और अब ? और एक ही दृश्य अब दृष्टिगत था । सारा नगर, समस्त दिशाओं से एक ही ध्वनि प्रतिध्वनित हो होरही थी ।

तब ?

और

अब ?

"धूप के प्रयोग"

(ले० काशीराम अग्रवाल)

हमारे शरीर का निर्माण पांच तत्वों से हुआ है, और इन पाँचों तत्वों में से किसी तत्व की शरीर में कमी या अधिकता हो जाने से ही जीवन खतरे में पड़ जाता है और स्वस्थ्य बने रहना कठीन हो-जाता है । इन पांचों तत्वों की प्राप्ती के लिए हमें धन खर्च नहीं करना पड़ता । प्रकृति ने हमें पॉचों तत्व बहुत अधिक मात्रा में मुफ्त ही दिये हैं !

जल, आकाश (वायु), पृथ्वी (मिट्टी) तत्व के प्रयोग पिछले अंकों में लिखे जा चुके हैं । धूप (अग्नि) तत्व के प्रयोग आप पढ़ रहे हैं । इस लेख में आप पढ़ेगें डा० बैबिट की रंगीन रश्मि चिकित्सा, की विधि तथा धूप स्नान की विधि । इन विधियों द्वारा असाध्य रोगों को भी दूर किया जा सकता है ।

धूपः-हमें सूर्य से प्राप्त होती है । सूर्य की किरणों में अनेकों शक्तियाँ मोजूद हैं । सूर्य पूरे जगत की आत्मा है । सूर्य के बिना कोई भी प्राणी, वृक्ष, पशु, पक्षि आदि जीवित नहीं रह सकते । धूप से जीवन शक्ति प्राप्त होती है । धूप स्नान से शरीर में पसीना आकर, शरीर का विकार बाहर निकालता हैं धूप से रोगों के किटाणु समाप्त हो जाते हैं । इस के अतिरिक्त धूप में विटामिन 'डी, भी मोजूद है, जिस की कमी से बच्चों को सूखा रोग हो जाता है ।

धूप स्नानः-धूप में बिलकुल नंगे होकर लेटना चाहिये, धूप पूरे शरीर पर लगती रहे । आध घन्टे से एक घन्टे के अन्दर पसीना निकल आयेगा, सुविधा हो तो धूप स्नान लेते समय शरीर को नीम या केले के पत्तों से ढक लेना चाहिये । और सर पर ठंडे पानी से भीगी तोलिया अवश्य ही रख लेना चाहिये । धूप स्नान के पश्चात पसीना अगर आ जाये तो उसे कपड़े से पोछ कर ठण्डे पानी से तुरन्त स्नान कर लेना चाहिये, या हीप बाथ (*Hip Bath*) ले लेना चाहिये ।

धूप स्नान, हृदय, मस्तिष्क, क्षय के रोगियों को नहीं लेना चाहिये ।

समयः—जाड़ो में १२ से १ बजे तक और गर्मियो में ८ से १० बजे तक धूप स्नान के लिए अच्छा रहता है । धूप स्नान से जुकाम, स्त्रियों के श्वेतप्रदर रोग, मासिक धर्म का विलम्ब से आना, घाव, फोड़े, गाठें जो पकती न हों, मलेरिया बुखार, चर्म रोगों में, तथा स्वास्थ्य की हालत में भी लेना लाभदायक है ।

रंगीन रश्मि चिकित्साः—धूप स्नान के अतिरिक्त यह दूसरी विधि डा० बैबिट की है। इस में भिन्न भिन्न प्रकार के रंगीन शीशे होते हैं । जिस रंग की शरीर में आवश्यकता समझी जाती है, उसी रंग के शीशे द्वारा शरीर पर रंगीन धूप देते हैं । और बहुत से चिकित्सक भिन्न भिन्न रंगों की बोतलों में पानी अथवा तेल धूप में रख कर त्यार कर लेते है । रंगीन बोतलों का पानी मात्रा अनुसार देने एवं तेल रोग स्थान पर मालिस करने पर रंगीन धूप देने जैसा ही काम करता है । बर्षात में सूर्य न निकलने की दशा में यह त्यार किया हुआ पानी अथवा तेल प्रयोग में लाया जा सकता है । तेल की बोतल धूप में ४० से ६० दिन तक दिन भर रखने से त्यार होती है । पानी केवल ४ से ६ घन्टे तक रखने से त्यार हो जाता है । मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है, आधा औंस से एक औंस तक पिलाया जा सकता है ।

लालरंग—में गर्मी होती है । स्त्रियों के श्वेत प्रदर रोग पर, गाठों पर जो पकती न हों, चोट, दर्द, गठिया, मोच, मासिकधर्म अधिक समय पर होने की दशामैं लालरंग का प्रयोग करना चाहिये ।

पीलारंग—वात सम्बन्धी रोगों में, बदहजमी, वायु विकार, लीवर, तिल्ली के रोगों के अलावा दिल के रोगों में तथा पुरानी कब्ज में पीलारंग रामबाण है ।

हरारंग—ठंडा और शान्त होता है । आंखों की रोशनी बढ़ाने, घाव, कैन्सर, बहने वाला एक्जीमा, बहते हुये कान में मिर्गी पेचीस,

सन्ग्रहणी आदि रोगों में लाभ करता है । देखा होगा आँखों का अपरेशन होने पर या आँखें खराब होने पर डा० हरे रंग का कपड़ा आंखों पर बांध देते हैं ।

नीलारंग—खुजली होने वाले चर्म रोगों में यह रंग जादू जैसा काम करता है। मासिक धर्म अधिक होने को रोकता है, पुराने श्वांस खाँसी में लाभ करता है ।

आसमानीरंग—कोष वृद्धि में श्वेतप्रदर, पुरानी तपेदिक आदि में लाभदायक है ।

नारंगीरंग—नशो को शक्ति देता है, हृदय की धड़कन में आतशक के घावो में, वात रोग (साइटीका रोग) में लाभदायक है ।

—ॐ—

॥ ग़ज़ल ॥

श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह, एम० ए०

दुनियां का परदा हो रहा है सब हमी से क्यों ।
ये छुप रहे हैं चाँद सितारे अभी से क्यों ॥

नजरों ने मेरी देख लिया कौन सा हुँसीं ।
शरमा रहे हैं अब्रो फलक और यह ज़मीं ॥
ता उम्र छेड़ता रहा दस्ते जुनूँ मगर ।
उठा नहीं नक़ाब रूखेयार से अभी ॥

दुनिया का परदा हो रहा है सब हमी से क्यों ।
ये छुप रहे हैं चाँद सितारे अभी से क्यों ॥

सरमस्ती के आलम में ही मञ्जिल के इर्द गिर्द ।
पहुँचा न मेरा कारवाने जीस्त हो कहीं ॥
छुपा यहीं कहीं है तेरा संगेदर ज़रूर ।
बढ़ती न वरनः यूं मेरी वेताबिये जबीं ॥

दुनिया का परदा हो रहा है सब हमी से क्यों ।
ये छुप रहे हैं चांद सितारे अभी से क्यों ॥

ईश्वर साकार है या निराकार

(ईश्वर सहाय)

यह एक ऐसा प्रश्न है जो बहुत से लोगों को भ्रम में डाले हुये है। वे इसी में जीवन भर उलझे रहते हैं और हर एक से इसका उत्तर पूछते रहते हैं परन्तु फिर भी उनका भ्रम दूर नहीं होता। इसका उचित हल उनको कभी भी नहीं मिल पाता और इसी में उनका जीवन व्यतीत हो जाता है।

त्रिचनापली में हमारे प्रधानाचार्य श्री रामचन्द्र जी महाराज से भी एक सज्जनने यही प्रश्न किया और बड़ी निराशा के साथ यह कहा कि मैं अब तक यही तै नहीं कर पाया कि ईश्वर साकार है या निराकार। इस कारण उसकी ओर झुक भी न पाया। उनकी आयु लगभग ६५वर्ष की थी और यह कुल समय अबतक इसी उलझन में व्यतीत हुआ परन्तु अन्त अब भी न मिला। प्रधानाचार्य जी ने उत्तर में यह कहा कि "जब आप ६५ वर्ष तक यह तै नहीं कर पाये तो अब इसके तै करने को और कौन अवसर आयेगा ? फिर उसकी प्राप्ति का समय कब मिलेगा ? उचित तो यही है कि इस झमेले को छोड़िये और यह मान कर कि वह जैसा भी हो वैसा ही सही, उसकी उपासना में लग जाइये।

वास्तव में बात यही है। इस छोटे से उत्तर में समस्या का पूरा हल निहित है। सच बात तो यह है कि लोगों ने मस्तिष्क की उछल-कूद के लिए इस प्रकार की अनेक बातें पकड़ लीं और वे जीवन भर इसी में फंसे रहे। वास्तविकता की ओर एक पग भी न बढ़ने पाये। सच पूछो तो यह साकार और निराकार का झगड़ा हमने व्यर्थ ही पैदा कर लिया। यदि कोई यह मान ले कि वह साकार है तो क्या वह साकार ही बन जायेगा या कोई निराकार मान ले तो वह निराकार हो जायेगा। वास्तव में वह तो जैसा है वैसा ही रहेगा। हमारे कह देने या मान लेने से वैसा ही नहीं बन जावेगा। शायद यह मान लेने में किसी को संकोच न हो कि ईश्वर ही असल वास्तविकता है। अब यदि यह प्रश्न उठाया जाये कि वास्तविकता साकार है या निराकार तो क्या उत्तर हो सकेगा ? सच बात

तो यही है कि वास्तविकता जैसी है वैसी ही रहेगी और वह साकार तथा निराकार की परिभाषाओं से परे है, यही उत्तर इस प्रश्न का कि 'ईश्वर साकार है या निराकार' होगा।

हमारे मन में यह समस्या उस समय उत्पन्न हुई जब हम वास्तविकता से दूर हटकर कृत्रिम रूप से उसका अनुमान करने का प्रयत्न करने लगे। तब हमारे लिये यह आवश्यक हो गया कि उस का अनुमान करने के लिये उसको किसी प्रकार से अप्राकृतिक आवरण में सीमाबद्ध कर दें। परन्तु वास्तव में तो वह हर प्रकार के बन्धनों से परे है वह तो अनादि और अनन्त (Infinite) है। जब यह बात है तो यह प्रश्न ही नहीं उठता कि ईश्वर साकार है या निराकार। संत कबीरदास जी ने कहा है कि :—

जग में चार राम हैं, तीन राम व्यवहार।
चौथा राम निज सार है, ताको करो बिचार॥

एक राम दशरथ घर डोले, एक राम घट-घट में बोले।
एक राम का सकल पसारा, एक राम सब ही से न्यारा॥
साकार राम दशरथ घर डोले, निराकार घट-घट में बोले।
बिन्दु राम का सकल पसारा, निरालम्ब सब ही से न्यारा॥

उपर्युक्त पद से स्पष्ट है कि यह सब ईश्वर के भिन्न भिन्न भाव हैं। वास्तव में वह है एक ही और जैसा भी वह है उसको अपने विचार में लेने के लिये इस प्रकार से सुविधा करदी गई है। वास्तव में राम, ईश्वर, या चाहें जो भी कहलें उस असल वास्तविकता का ही रूप है। हम अपनी सुविधा के लिये अपनी सामर्थ्य के अनुसार कोई भी भाव लेकर ईश्वर उपासना प्रारम्भ करे परन्तु वह हमारे लिए हुये भाव के अनुसार वैसा ही नहीं बन जावेगा। यह भिन्न प्रकार के भाव एक सीढ़ी के डन्डों के समान हैं जो हम को वहाँ तक पहुँचाने में सहायक होते हैं। प्रत्येक मनुष्य की योग्यता एक समान नहीं होती। कुछ लोग मूढ़ प्रकृति के भी होते हैं, इसलिए यह संभव नहीं कि हर मनुष्य एक ही प्रकार से अति सूक्ष्म भाव लेकर ईश्वरीय मार्ग पर चल सके। इस कारण महात्माओं ने उसके अनेक भाव दिखलाते हुए हर प्रकृति के मनुष्यों के लिये सुविधा कर दी। परन्तु

यह अनिवार्य नहीं कि हर मनुष्य एक ही रीति से नीचे के स्थूल भाव से प्रारम्भ करे। हमारा अंतिम ध्येय तो ईश्वर की उस अत्यंत सूक्ष्म दशा की प्राप्ति है जो हर चीज से परे है। यदि यह सूक्ष्म भाव हम आरम्भ से ही अपने अन्दर पैदा कर सकें तो किसी दूसरे भाव को लेने की आवश्यकता नहीं, परन्तु यह बहुत कठिन बात है इसलिये हम किसी नीचे के भाव से आरम्भ करके क्रमशः ऊपर चढ़ते हैं। यदि हम प्रारम्भ के स्थूल भावों पर ही जीवन भर जमें रहें और आगे बढ़ने का प्रयत्न न करें तो ध्यये की प्राप्ति असम्भव है और यह साधक की बहुत बड़ी भूल होगी। निश्कर्ष यह रहा कि भिन्न भिन्न भाव हमारी ध्येय प्राप्ति के लिये सीढ़ी के डँडों के समान है जिन पर पैर रखते हुये हमें आगे चले जाना है, किसी एक पर ही जमे रहना नहीं है। इसलिये उचित यही है कि यदि यह नीचे दरजे के स्थूल भाव लेना आवश्यक हो तो केवल आवश्यकता भर उन पर टिकें और फिर आगे पग बढ़ावें। जब यह बात है तो साकार और निराकार का झगड़ा व्यर्थ ही तो हुआ ?

सहज मार्ग में ईश्वर का वही अति सूक्ष्म भाव लेकर चलते हैं जहाँ पर सिवाय इसके कि वह 'जो है सो है' और कुछ नहीं कहा जा सकता। शब्दों द्वारा उसकी व्याख्या करना बिल्कुल असंभव है इसी लिए महात्माओं ने 'नेति नेति' कह कर समाप्त कर दिया। ऐसे ध्येय की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि जो भाव लिया जावे वह अत्यन्त सूक्ष्म हो। स्थूल भाव का प्रभाव मन पर स्थूलता लाता है इसलिए ईश्वर प्राप्ति में बाधक होता है अतः इस बात को ध्यान में रखना सफलता के लिये अति आवश्यक है।

* भजन *

अब कैसे छुटै नाम रट लागी ॥
प्रभु जी, तुम चँदन, हम पानी। जा की अंग अंग बास समानी ॥१॥
प्रभु जी, तुम घन बन, हम मोरा। जैसे चितवत चन्द चकोरा ॥२॥
प्रभु जी, तुम दीपक, हम बाती। जा की जोति बरै दिन राती ॥३॥
प्रभु जी, तुम मोती, हम धागा। जैसे सोनहिं मिलत सुहागा ॥४॥
प्रभु जी, तुम स्वामी, हम दासा। ऐसी भगति करै रैदासा ॥५॥

—रैदास

* सुख *

(कुमारी छाया सक्सेना एम० ए०)

मानव जीवन में सुख और दुख का चक्र सदैव साथ चलता रहता है। यदि एक ओर सुख है तो दुसरी ओर दुःख का होना अवश्यमभावी है। दुःख से रहित सुख का कोई अस्तित्व नहीं। प्रत्येक सुख हमें आगामी दुख के लिये आगाह करता है, और यही स्थिति दुख के साथ भी है। सुख के पश्चात् दुख और दुख के साथ सुख यही मानव जीवन है। दुख और सुख एक ही रज्जू के दो सिरे हैं जिस प्रकार रस्सी को मध्य से दो भाग कर देने पर भी उसके किसी एक सिरे का अस्तित्व नहीं मिटाया जा सकता, उसी प्रकार मानव जीवन से भी दुख अथवा सुख किसी एक को दूर नहीं किया जा सकता।

सुख और दुख मानव जीवन के लिए आवश्यक है परन्तु प्रत्येक सुख की एक परिधि होती है जिसके अन्तर्गत ही मनुष्य सुख की अनुभूति करता है। एक साहित्यकार साहित्य के सृजन में ही सुख की अनुभूति करता है एक कवि अपनी कविता में, सिद्ध अपनी सिद्धियों के प्राप्त करने में ही सुख का अनुभव करता है। कलाकार को अपनी तूलिका से चित्र निर्माण करने में जो सुख प्राप्त होता है वही सुख एक ज्ञानी को ज्ञान प्राप्त करने में। ईश्वर भक्त अपने प्रभु की याद में जिस सुख का अनुभव करता है उस सुख की कल्पना संभवतः बड़े २ सिद्ध पुरुष भी नहीं कर सकते। परन्तु सुख का क्षेत्र अत्यन्त विशाल होने के कारण प्रत्येक मनुष्य अपने सुख को दूसरों से श्रेष्ठ समझता है। यह आवश्यक नहीं कि एक का सुख दूसरों को भी सुख प्रदान करने वाला हो और कभी २ तो एक का सुख दूसरों के दुख का कारण भी बन जाता है।

सत्य रूप में सुख का यह अर्थ नहीं है कि हमारी इन्द्रियों की इच्छानुसार यदि कोई भी कार्य पूर्ण हो गया तो हम सुखी हो गये और इसके विपरीत कार्य होने पर हम दुख का अनुभव करने

लगे । सुख और दुख मानव जीवन में आते ही रहते हैं और उसका प्रभाव भी हमारे शरीर पर पड़ना आवश्यक है परन्तु किसी भी बात से हमारा मन यदि प्रभावित नही हो तो यही वास्तव में सच्चा सुख है बच्चे के शरीर पर चोट लग जाने पर भी वह खेल में इतना तल्लीन रहता है कि उसे कष्ट का अनुभव नहीं होता । इसका यह अर्थ नहीं हुआ कि उसको कष्ट नहीं हुआ बल्कि उसका मन उस कष्ट से प्रभावित नहीं हुआ । यही अवस्था मानव जीवन के लिये आवश्यक है । सुख और दुख तो मानव जीवन का क्रम है । शरीर पर दुख का प्रभाव अवश्य होगा और सुख का प्रभाव भी यदि अधिक नहीं तो क्षणमात्र के लिए शरीर की बाह्य चेष्टाओं से प्रगट हो ही जायेगा । परन्तु सुख और दुख का शरीर पर प्रभाव होने पर भी मन को उस से प्रभावित नहीं होने देना चाहिए । जब मन हमारा उससे अप्रभावित रहेगा तो हमें सत्य सुख की प्राप्ति होगी । यद्यपि पूर्ण रूप से मन का प्रभावित न होना तो अत्यन्त कठिन कार्य है परन्तु हमारा प्रयत्न यही होना चाहिये कि बाह्य सुख और दुख का मन पर कम से कम प्रभाव पड़े तभी हमारा वास्तविक सुख कहा जा सकेगा । यह भी नहीं होना चाहिये कि यदि हम किसी पर दया दिखलाने लगें तो उसमें इतने लग गये कि अपने को भी भुला बैठे और किसी पर इतने क्रोधित हुए कि उसके प्राणों के ही ग्राहक बन बैठे । सुख के लिए यह दोनों बातें ही हानिकारक हैं । सुख प्राप्ति के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक कार्य का हम संतुलन कर सके । सुख और दुख दोनों का ही हमें सतुलन करना होगा तभी वास्तविक सुख की प्राप्ति हो सकेगी।

सुख के पश्चात् आनन्द की अवस्था आती है । आनन्द सुख की ही मूल अनुभूति है । जब सुख और दुख के ऊपर हमारा पूर्ण संतुलन हो जाता है और उसमें स्थिरता आ जाती है तभी आनन्द की अनुभूति होती है । जब किसी कार्य की सफलता अथवा असफलता पर न सुख की ही अनुभूति होती है । और न दुख की ही तब हमें अलौकिक आनन्द प्राप्त होता है । वास्तव में सुख का सम्बन्ध मन से होता है और आनन्द का आत्मा से । अतः सुख के अन्तरगत मन और शरीर के सभी सुख आ जाते हैं । जो लोगों को

अपने २ कार्य की सफलता से प्राप्त होता है । परन्तु आनन्द तो तभी प्राप्त हो सकता है जब कि हमारी आत्मा प्रसन्न हो कर सुख का अनुभव करने लगती है । इस प्रकारका आत्मिक आनन्द तो केवल आध्यात्मिकता के क्षेत्रमें पहुँच जाने पर ही प्राप्त हो सकता है । आध्यात्मिकता से प्राप्त आनन्द (गूंगे के गुड़) के समान होता है जिसका अनुभव तो होता है पर वह शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता । परन्तु यह आनन्द गुरू-कृपा के बिना नहीं प्राप्त हो सकता । गुरू कृपा के लिए श्रद्धा भक्ति दोनों परमावश्यक है यह दोनों अवस्थायें उत्पन्न हो जाने के पश्चात ही गुरू-कृपा की प्राप्ति होती है तब गुरू की कृपा के द्वारा अपने प्रियतम का सानिध्य प्राप्त हो जाता है और इस सानिध्य से जो आनन्द प्राप्त होता है उसे परमांनद की संज्ञा से विभूषित करते हैं । वास्तव में यही सच्चा सुख है यही परमांनद है । इस अवस्था पर आजाने के पश्चात साधक अपने मनुष्यत्व को न भूल कर एक अलौकिक सत्ता की ओर आरूढ़ होता है और गुरू-कृपा से आत्मानुशासन के द्वारा वह अलौकिक आनन्दको प्राप्त करता है । इस अवस्था में पहुंचने पर साधक के मन पर सुख अथवा दुख किसी का प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि वह सुख और दुख दोनो में ही एक अनुपम आनन्दका अनुभव करता है । वह तो अपने प्रियतम के प्रेम में ही आनन्दित रहता है । साधक को अपने गुरू के ब शिष्ठ गुण या शक्ति को देखकर मनमें एक ऐसा आनन्द उत्पन्न होता है जो आनन्द स्थायी रहता है । अर्थात जब २ वह गुरू के गुणों और शक्ति की ओर देखता है तब २ साधक को परम आनन्द प्राप्त होता है । इस आनन्द के पश्चात् ही गुरू के प्रति श्रद्धा उत्पन्न होती है । श्रद्धा के द्वारा साधक अपने श्रद्धेय का महत्व स्वीकार कर लेता है और उस के बताये हुये मार्ग पर चल कर एक अलौकिक आनन्द का अनुभव करने लगता है । वास्तव में सुख का सत्य रूप यही है ।

—❀—❀—

सहज मार्ग की भूमिका

—❀❀ ॐ ❀❀—

महापुरुषों का जन्म संसार में आकस्मिक नहीं होता। जब संसार को उनकी परमावश्यकता होती है तभी उनका आदिर्भाव होता है। प्रकृति का ऐसा ही विधान है। आधुनिक, घोर भौतिकतावादी जीवन, विश्व को पतन और विनाश की ओर लिए जा रहा है। स्वार्थ परायणता पक्षपात पूर्ण विचार तथा मिथ्याभिमान आधुनिक जीवन के प्रमुख लक्षण हैं। नैतिकता निराशाजनक रूप से डगमगा रही है। अधार्मिकता लगभग हर मनुष्य के मस्तिष्क में अपना सिक्का जमा रही है। नास्तिकता सब ओर फैली हुई हैं। पाप और अज्ञान के बादल मनुष्यों के मानस क्षितिज पर छाये हुए हैं। ऐसी परिस्थितियों में मानवजाति की रक्षा, और सत पथ प्रदर्शनार्थ, समर्थ गुरू श्री रामचन्द्र जी, फतेहगढ़ के रूप में, महान दैवी आत्मा संसार में अवतरित हुई इस अपूर्व अध्यात्मिक शक्ति सम्पन्न महापुरुष ने २ जनवरी सन् १८७३ई० वी० बसंत पञ्चमी के दिन जन्म लिया। उनके जीवन से एक नवीन आध्यात्मिक युग का आरम्भ हुआ है। राजयोग की प्रसिद्ध साधना जो शताब्दियों से उपेक्षित रहने के कारण उस समय बिलकुल विलुप्त सी होगयी थी, उनके सद्प्रयत्नों से प्रकाश में आई। वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होने चिर विस्मृति प्राणाहुति पद्धति को जो राजयोग की मूलाधार थी पुनः प्रचलित किया। समर्थ गुरू महात्मा श्री रामचन्द्र जी के साथियों एवं शिष्यों के हार्दिक अनुरोध पर उनके उत्तराधिकारी तथा प्रतिनिधि 'हम नाम' श्री महात्मा रामचन्द्र जी शाहजहाँपुर ने, १९४५ ई० में उपर्युक्त महान आत्मा के नामपर, मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य था, अपने सद्गुरू के पवित्र लक्ष्य की पूर्ति, तथा मानव जाति की सुसंगठित रूप में सेवा करना। प्रारम्भ ही से यह मिशन, सीमित साधनों के होते हुए भी, पददलित व्यक्तियों तथा अज्ञान मोह एवं अहंकार के पंक में फँसे हुए मनुष्यों की सर्वोत्तम ढंग से सेवा करता चला आ रहा

उद्देश्य— मिशन सामान्यतया मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति का प्रयत्न करता है। किसी भी मत जाति और राष्ट्रीयता से उसका कोई सम्बन्ध नहीं। वह जमाने की आवश्यकताओं और प्रकृति की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है। आधुनिक संसार की समस्त गुत्थियों का हल मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति पर ही अवलम्बित है और यह कार्य उचित आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा ही सम्पन्न हो सकता है वस्तुतः अत्यन्त स्थूल भौतिक जीवन के प्रति हमारा अतिशय राग, एवं संसार के मायामय जीवन के प्रति अनुरक्ति ही हमारे जीवन की प्रमुख समस्या है। यदि यह समाप्त हो जाये तो अन्य समस्याओं के सुलझाने में भी बिलम्ब नहीं लगेगा। उसकी समाप्ति तभी हो सकती है। जब हम अध्यात्मिक जीवन के तरीकों को अपनायें। वास्तव में अपने वर्तमान स्थूलतम जीवन से क्रमशः उन्नत एव सूक्ष्मतर जीवन की ओर निरन्तर प्रगति करते रहना ही, अध्यात्मिकता है। सूक्ष्मता की शाश्वत तथा अपरिवर्तनीय स्थिति को प्राप्त करके, उसमें स्थाई रूप से रमें रहना ही, मिशन का अंतिम ध्येय है।

सहज मार्ग की साधना विधि :—मिशन में जिस साधना प्रणाली का अनुसरण किया जाता है, उसे सहज मार्ग अथवा ईश्वर प्राप्ति का प्राकृतिक मार्ग कहा जाता है। वास्तव में यह साधना मार्ग वही प्राचीन तथा सुप्रसिद्ध राजयोग है, जिसमें समय की आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तन करके, ऐसा अभिनय रूप दे दिया गया है जो आज के सामान्य सांसारिक जीवन के लिए पूर्ण उपयोगी है। आधुनिक संसार के जीवन को दृष्टि में रखते हुए इसमें कुछ परिवर्तन कर लिये गये हैं। इस सहज मार्ग में साधना का तरीका अत्यन्त सरल है। ईश्वर सीधा और सरल है। अतः उसे प्राप्त करने का मार्ग भी वैसा ही सीधा और सुगम होना चाहिए। साधना करने का सबसे सफल तरीका यही हो सकता है, जिससे कि हममें ईश्वरीय सद्गुणो का अधिक से अधिक मात्रा में समावेश होना, आरम्भ हो जाय। इस

मार्ग की साधना पद्धति को स्वीकार करने से सामान्य से सामान्य व्यक्ति भी, बड़ी आसानी से भौतिक आवरणों को शीघ्र ही दूर कर सकता है और वह आश्चर्य जनक गति से स्वतंत्रता के मार्ग में चलने लगता है। इस मार्ग में जिस परिपाटी का अनुसरण किया जाता है वह भी बहुत सरल है। कोई कठिन अभ्यास तो बतलाये ही नहीं जाते हैं, केवल समर्थ गुरू की देख रेख में ध्यान कराया जाता है जिसमें कि वे भली भाँति सहायक होते हैं। विधि सम्बन्धी आचार, और दिखावे रखे ही नहीं गये हैं। इसमें विधि निषेध भी बहुत कम है। यह प्रणाली केवल पढ़ने और आनन्द प्राप्त करने की नहीं, अपितु आदान प्रदान की, अथवा साधना द्वारा अनुभव प्राप्त करने की, प्रायौगिक प्रणाली है। वास्तव में इस मार्ग में किन्हीं बातों पर विश्वास करने अथवा न करने की कोई वस्तु नहीं है। इसमें हर चीज बिलकुल सरल एवं स्पष्ट है जिसका कि प्रत्यक्ष एवं प्रायौगिक अनुभव जो भी व्यक्ति चाहे कर सकता है। यह मार्ग आत्म संयम तथा कठोर तप से मुक्त शास्त्रीय अभ्यासों और शम दम तथा निषेध के पक्ष में नहीं है। सहज मार्ग किसी को भी, साधुओं के गेरूवे वस्त्र धारण कर, सन्यास एवं वैराग्य का एकान्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित नहीं करता है। सर्व साधारण मनुष्यों की धारणा कि सांसारिक जीवन आध्यात्मिक साधना में बाधक है अस्वाभाविक एवं निरर्थक है। आवश्यकता इस बात की है कि सांसारिक जीवन को इस प्रकार परिवर्तित कर लिया जाय कि उसमें सब कहीं आध्यात्मिकता का ही रँग छा जाय। यदि प्रत्येक कार्य के कर्त्तव्य के रूप में अपनाया जाय, अपने क्षुद्र स्वार्थों और वासनाओं की सन्तुष्टि के लिए नहीं, तो यह कार्य बड़ी सरलता से किया जा सकता है।

प्राणाहुति :— आज मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में, ह्रास के, दर्शन होते हैं। जीवन के सामाजिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक क्षेत्रों में

इस ह्रास शीलता के स्पष्ट लक्षण दिखाई दे रहे हैं और ऐसी दशामें धर्म के द्वारा स्थापित या उपदेशित सत्य एवं पवित्रता के सामान्य स्तरों (स्थापनाओं) को भी निभा पाना असम्भव सा हो गया है। इसका साधारण कारण यही कहा जा सकता है कि मनुष्य के मस्तिष्क का झुकाव, स्थूल भौतिकता की ओर, बहुत अधिक हो गया है। अतः इस समय केवल इतना करना है कि मनुष्य की उन मानसिक वृत्तियों को, जो अपने पथ से विचलित हो गयी है, सन्मार्ग की ओर कर दिया जाये। सभी साधनाओं एवं अभ्यासोंका यही एक मात्र उद्देश्य है। किन्तु यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए निर्दिष्ट ये साधनायें बुद्धि रहित या याँत्रिक तथा वस्तुओं के स्थूल एवं बाह्यरूप से ही सम्बन्धित रह गयी है। इसी लिए वे अधिक उपयोगी नहीं हैं। इसके अतिरिक्त मन को नियन्त्रण में लाने के लिए कठोर निरोध (शमन) और अस्वाभाविक दमन (नियन्त्रण) कदाचित ही सफल सिद्ध होता है क्यों कि इससे भयंकर प्रति क्रियायें उत्पन्न होती हैं जिन पर क़ाबू पाना असम्भव हो जाता है। यही कारण है कि धर्म वेत्ताओं की धार्मिक शिक्षाओं एवं उपदेशों के होते हुए भी, जनसाधारण अज्ञान के पँक में, बिना किसी मुक्ति की आशा के फँसते जारहे हैं। सर्व साधारण के मन को, समुचित ढग से ढालने के द्वारा ही, परिवर्तन लाया जा सकता है। इस कार्य के लिए प्राचीन तम 'राजयोग' का आधार प्राणाहुति की यौगिक प्रणाली ही, वास्तव में प्रभावशाली साधन है। यह वह यौगिक विज्ञान है जिसमें अभ्यासी के मन को समुचित तथा सहज ढँग से ढालने के लिए तथा उसकी सारी उलझनों एवं बाधाओं को दूर करने के लिए, 'गुरू' अपनी आत्मिक-शक्ति द्वारा प्रसुप्त आंतरिक ज्ञान शक्तियों के जाग्रत कर देता है। भारत वर्ष के प्राचीन महात्माओं ने इस अद्भुत शक्ति का जन साधारण की आत्मिक उन्नति के लिए प्रयोग किया है। हमारे प्राचीन

इतिहास में इसके अगणित दृष्टान्त पाये जाते हैं। किन्तु वर्तमान पतन के कारण, इस श्रेष्ठ विज्ञान को पूर्ण रूपेण भूला दिया गया है और आज केवल थोड़े व्यक्ति ही इस पर विश्वास करने के लिए तैयार होंगे। वे लोग मानसिक-संक्रमण (*Telepathy*)और मोह-निद्रा (*Hypnotism*) आदि क्षुद्र विद्याओं की ही अधिक जानकारी रखते हैं, जो उनकी भौतिक बुद्धि को अधिक प्रभावित करती है। जिसके परिणाम स्वरूप वे इसे मोहनिद्रा (*Hypnotism*) के अतिरिक्त और कुछ नहीं समझते हैं। उनको कदाचित इन दोनोंमें से किसीका भी वास्तविक ज्ञान नहीं होता है। इन दोनों के व्यापक अन्तर को स्पष्ट करने के लिए, मैं संक्षेप में यह कह सकता हूं, कि, मोह निद्रा का सम्बन्ध मनुष्य के अन्दर रहने-वाली भौतिक शक्तियों से ही विशेष रूप में रहता है, जब कि यौगिक-प्रणाली का सम्बन्ध प्राणों की सूक्ष्म तम शक्तियों से होता है और स्थूल से बिना किसी प्रकार के सम्बन्ध के, उसका सीधा लगाव, आत्मा से होता है। मोहनिद्रा तथा यौगिक साधनाओ के द्वारा मन पर पड़ने वाले प्रभाव में भी पर्याप्त अन्तर है। मोहनिद्रा का प्रयोग जिस व्यक्ति पर किया जाता है उसकी इच्छा शक्ति और ज्ञान शक्ति का लोप हीं हो जाता है और वह गुरू के हाथ में कठपुतली के समान कार्य करने लगता है। इसके विपरीत यौगिक अभ्यास द्वारा साधकों की बुद्धि और इच्छाशक्ति आश्चर्यजनक रूप से विकसित हो जाती है। उसकी आत्म शक्तियाँ जागृत हो जाती हैं, और वह बराबर हल्केपन तथा अपरिमित शान्ति का अनुभव करने लगता है। सहज-मार्ग में इसी यौगिक-प्रणली, प्राणाहुति द्वारा साधक में एकाएक ईश्वरानुभूति की प्रवृत्ति या प्रेरणा उत्पन्न कर दी जाती है। इस मार्ग की यही प्रमुख बिशेषता है कि इसके द्वारा सामान्य व्यक्ति भी उच्चतम आध्यात्मिक योग्यता प्राप्त कर सकता है, और इस अनुपम प्राप्ति के

लिए, उसे न जटिल प्रक्रियाओं की साधना पड़ता है और न अधिक समय की ही आवश्यकता है। इस साधना पद्धति द्वारा प्राप्त किए गए प्रायोगिक (व्यावहारिक, प्रत्यक्ष) परिणाम उसकी श्रेष्ठता के ज्वलंत उदाहरण है। जो व्यक्ति इनका अनुभव करना चाहें उन सभी जिज्ञासुओं का मैं हार्दिक स्वागत करताहूँ ॥

इस साधना की प्रक्रिया-- प्राणाहुति की दिव्य प्रेरणा, अभ्यासीके मन को प्रभावित करके, उसे चेतना की उन्नत अवस्था में ले जाने में सहायता करती है। जिसके परिणामस्वरूप वह आन्तरिक जागृति का अनुभव करने लगता है। मन की प्रवृत्ति उत्तरोत्तर ईश्वरोन्मुख होनी आरम्भ हो जाती है, और वह अपेक्षा कृत अधिकस्थिरता और शांति का अनुभव करने लग जाता है। इसे सहजमार्ग में दी जाने वाली आध्यात्मिक शिक्षाका प्रथम सोपान समझा जाना चाहिए। इस प्रकार दिव्य प्रेरणा, चेतना के गुह्य आवरणों पर, जिनका कि सत्ता के सूक्ष्मतम रूपोंसे सम्बन्ध है, अपना प्रभाव डालन आरम्भकर देती हैं। साधारणतया आरम्भ में चेतन मन का बिलकुल स्पर्श नहीं किया जाता है, जब तक कि ऐसा करना अनिवार्य न हो। इस शक्तिपात का प्रभाव कारण शरीर पर डाला जाता है, और इससे उस पर ईश्वरीय गुण या चिन्ह (*Godly Impression*) उत्पन्न होने लगते हैं, जो सूक्ष्म बीज के रूप में, भोगके लिए, विकसित होना आरम्भ कर देते हैं। शीघ्र ही भोग का क्रम स्वत: ही आरम्भ हो जाता है। जिस के फल स्वरूप प्रभाव और भी अधिक बढ़ने लग जाता है और कुछ ही समय के बाद वह सूक्ष्म मन (*Astral mind*) पर भी पड़ने लगता है। वहाँ से यह नीचे सचेतन मन तक आ जाता है, और उसके अनुरूप ही वह सचेतन मन भी ढलने लगता है। साधारणतया उस स्तर पर अभ्यासी आंतरिक वृत्तियों में सूक्ष्म परिवर्तन का अनुभव

करना प्रारम्भ कर देता है। यही कारण है कि प्रायः आरम्भ में अभ्यासी दिव्य प्रेरणा के प्रभाव का अनुभव करने में असमर्थ रहता है किन्तु इस प्रकार उत्पन्न किया हुआ प्रभाव गहरा और स्थाई होता है, क्योंकि शक्ति प्रसार का यह क्रम, केन्द्र से वृत्त की ओर होता है। इस तरह अत्यन्त स्वाभाविक (प्राकृतिक) ढंग से, बिना किसी शारीरिक तथा मानसिक परिश्रम के मन ढलने लग जाता है निरन्तर ध्यान के द्वारा मानसिक-चेतनावस्था (*Consciousness of the mind*) प्राप्त हो जाती है, और चेतन मन उसमें लीन हो जाता है। इससे उसमें सत् असत् के अंतर का ज्ञान स्वतः उत्पन्न हो जाता है। अँततः भौतिक संसार की परिवर्तनशील वस्तुओं के प्रति हमारा आकर्षण कम होता जाता है और हम मूलतः सत्य के साथ दृढ़ता के साथ बंधते जाते हैं। इस प्रकार वैराग्य की स्थिति आरम्भ हो जाती है। बल पूर्वक लादा हुआ वैराग्य अस्वाभाविक है, तथा वैराग्य के सच्चे अर्थ से रहित है। सहज मार्ग इस प्रकार के हठ पूर्वक ग्रहण किये हुए वैराग्य का समर्थन नहीं करता है। वास्तव में यह तो, साँसारिक वस्तुओं के प्रति अनुचित माया मोह से, अनाशक्ति का भाव उत्पन्न करता है। इसका अर्थ यह कदापि नही है कि साँसारिक वस्तुओं को अपने अधिकार में न रखा जाय अथवा अंततः व्यक्तिगत अथवा सामाजिक अथवा साँसारिक कर्त्तव्यों का परित्याग कर दिया जाय ! जब हम अनुचित आसक्ति से मुक्त हो जाते हैं तब साँसारिक धन्धों के प्रति हमारे कार्य, कर्त्तव्य का रूप धारण कर लेते हैं। बिना किसी आकर्षण अथवा विकर्षण के कर्त्तव्य का केवल कर्त्तव्य के लिये पालन श्रेष्ठतम ईश्वर भक्ति है। जब कोई व्यक्ति उचित पथ प्रदर्शन में, उपर्युक्त ध्यान करना आरम्भ करता है, तो यह स्थिति स्वतः अन्तःकरण में उद्भूत हो जाती है। यद्यपि यह साधारण उपलब्धि नहीं है, फिर भी इस योगिक पद्धति की यह एक प्रारम्भिक उपलब्धि ही है ? मनुष्य का पूर्ण रूपेण निस्पृह हो जाना ही, इसका निश्चित परिणाम है।

इसके साथ ही साथ जीवन में नये संस्कारों का बनना कम होने लगता है, और धीरे धीरे, बिल्कुल ही समाप्त हो जाता है। इस प्रकार संस्कारों के न बनने से, हम जन्म और मृत्यु से छुटकारा पा जाते हैं। अब भी आध्यात्मिक यात्रा जारी रहती है, पर यह एक अत्यन्त गम्भीर विषय है, जिस पर यहां कोई विचार नहीं किया जा रहा है गुरू और गुरू का कार्य आध्यात्मिक जीवन का अत्यन्त महत्व पूर्ण अंग है। सहज मार्ग में तो यह और भी अधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वहां सम्पूर्ण उत्तरदायित्व गुरू पर ही है। इस मार्ग में अभ्यासी अपनी पूर्ण इच्छा श्रद्धा एवँ विश्वास के साथ, गुरू को आत्म-समर्पण कर देता है। इसलिये सद्गुरू का चुनाव इस सन्दर्भ में महत्व पूर्ण बात है। किन्तु इसके लिये यह आवश्यक है कि हमें अपने लक्ष्य का स्पष्ट ज्ञान हो। सत्य के विषय में, अपनी २ धारणा के अनुसार लोग चरम लक्ष्य के बारे में, अलग २ विचार रखते हैं और अपने २ स्तर के अनुरूप, वे अपने अभिलषित पथ प्रदर्शक को प्राप्त कर लेते हैं। किन्तु उस व्यक्ति के लिए, जो अनन्त ब्रह्म के साथ तादात्म्य प्राप्त करने का अभिलाषी होकर आध्यत्म पथ का अनुशरण करता है गुरू भी श्रेष्ट तम योग्यता का होना चाहिए, जो दूसरों की उन्नति के लिए, प्राणाहुति द्वारा मानसिक शक्ति का प्रयोग करने में पूर्ण समर्थ हो। वास्तव में सर्वोच्च आध्यात्मिक उन्नति उस समय तक मिलना कठिन हैं, जब तक कि सच्चा सद्गुरू यौगिक प्राणाहुति द्वारा उसकी सहायता नहीं करता है। अभ्यासी की आंतरिक शक्तियों के कार्य को सही दिशा में व्यवस्थित करना यह पथ प्रदर्शक की सामर्थ्य पर ही आश्रित है।

संक्षेप में सद्गुरू से ही अभ्यासी में सच्ची दैवी प्रेरणा आती है। सद्गुरू अभ्यासी के अन्दर शिथिल एवं निद्रित सहज ज्ञान को जागृत तथा तीव्र कर देता है, और सही दिशा की ओर मन और चेतना को व्यवस्थित करता है। उसी में यह शक्ति होती है कि वह अभ्यासी के मन से, बाधाओं और उलझनों को दूर करता है और अपनी शक्तियों से पूरी यात्रा में उसे उत्साहित करता रहता है यदि हमें वास्तव में सर्वोच्च लक्ष्य प्राप्त करना है तो ऐसा ही गुरू खोजना होगा।

★ गुरू वाणी ★

❀ शान्ति आ जाने पर भी बहुधा शान्ति का अनुभव नहीं होता ?

❀ कारण यह है कि लोग शान्ति का गलत अर्थ लगाते हैं । वे विचारो के दबा देने को शान्ति समझते हैं । यह बिल्कुल गलत है।

❀ वास्तव में शान्ति का मज़ा कभी चक्खाही नही उसे पहचाने कैसे ।

❀ शान्ति के माने यह है । कि हर वस्तु चाहे अच्छी हो चाहे बुरी हम पर से ऐसे गुजर जावे जैसे चिकने घड़े पर से पानी अर्थात् मन पर उसका प्रभाव न पड़े ।

❀ शान्ति प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना गलत उपाय है । शान्ति प्राप्त करने के लिए सब से अच्छा उपाय यह है कि जो मनुष्य शान्ति अबस्था को प्राप्त हो चुका है उससे अपने आपको जोड़ दे ।

❀ परन्तु शान्ति प्राप्त करने के लिए इसका मूल्य देना होगा। मूल्य क्या है ? वही सब कुछ जो आपके पास है । हमारे पास क्या है ? वही जिसको लिए हुए हम जीवन यात्रा पर चल रहे हैं ।

❀ ईश्वर किस से मुहब्बत करता है ?

❀ केवल उससे जो उसको देख तो चुका हो परन्तु रहे दूर ।

❀ हम ईश्वर से कब दूर हुए ?

❀ जब हमने अपना केन्द्र छोड़कर वर्तमान रूप धारण किया । जब हम इतने उच्च स्थानसे आये हैं तो उसकी याद रहना भी आवश्यक है ।

❀ इस लिए हम अपने वर्तमान रूप को समझते हुए हम उसके ध्यान और उपासना में लगे रहें ।

अर्थ यह है कि उच्चतम प्राप्ति की दशामें भी मनुष्यत्व से अलग न हो।

❀ अटूट स्मरण की दशा प्राप्त करने के लिए उपाय यह है कि जैसे भी हो सके अपने अर्ध चेतन मन को उसकी याद में लगा दे ।

❀ इसकी विधि यह है कि अर्ध चेतन मन में कुरेदन पैदा कर दे और अपनी आत्मा को उस कुरेदन की ओर ध्यान में लगादे जितनी गहराई में यह बात की जायेगी उतना ही स्थायी प्रभाव होगा ।

❀ साधारणतयः त्रुटि यह रहती हैं कि लोग गहराई में चले तो जाते हैं परन्तु वह स्थिर नहीं रह पाते ॥

❀ प्रयत्न यह करना चाहिए कि वहाँ पर दृढ़ता से स्थिर हो जावें ।

(गज़ल)

(मुसाहब राय श्रीवास्तव शाहाबादी)

किसी की याद दिल में आ रही है तबीयत खुद ही मचली जा रही है।
नशे की क्या खुमारी छा रही है कि सुध बुध सारी बिसरी जारही है।
तवज्जो के बरसने का वह आलम दरो दीवार से टकरा रही है ।
खमोशीका वह आलम कुछ न पूछो खमोशी पर खमोशी छा रही है ।
नज़ारा देख कर उस बेखुदी का खुदी खुद आप में शरमा रही है ।
मिटेगें सँस्कारों के पतिंगे शमा-दिल में जलाई जा रही है ।
नहीं दुनियाँ में उनका कोई सानी मिशन जिन से चलाई जा रही हैं ।
तेरे फैजो क़रम का चश्मा जारी तवज्जो याँ छुटाई जा रही है ।
मोआज्जिम किबालओ लाला फतेहगढ़ तुम्हारी याद इस दम आ रही है ।
भवँर की ज़द में है किश्ती हमारी फ़कत तेरे सहारे जा रही है ।
न हो मायूस 'अख्तर' अपने दिलमें कि बारी भी तुम्हारी आ रही है।

आलम – समां, शमाँ – दीपक, सानी – समान, फैजो क़रम – अनुग्रह, चश्मा - स्रोत, मोआज्जिम, क़िबला - पूज्यनीय श्रेद्धय, ज़द – थपेड़े, फक़त - केवल, मायूस – निराश,

" मिट्टी में सोना चांदी है "

मिट्टी के खेल खिलौने यह, फिर मिट्टी में ही आयेंगे ।
मिट्टी से सब का जन्म हुआ, फिर मिट्टी में मिल जायेंगे ॥
यह जल के धारे मिट्टी के, फल फूल यह सारे मिट्टी के ।
है अन्न पान सब मिट्टी से, मिट्टी के गुण हम गायेंगे ॥
यह महल दुमहले मिट्टी के, यह सारे धन्धे मिट्टी के ।
मिट्टी में सोना चाँदी है, मिट्टी में सब कुछ पायेंगे ॥
रचना देही की मिट्टी से, फिर मिट्टी से क्या बचता है ।
मिट्टी से अपना जीवन है, मिट्टी को शीश चढ़ायेंगे ॥
मिट्टी में अद्भुत शक्ति है, इस लिए जगत को भक्ति है ।
मिट्टी श्री कृष्ण प्यारी है, हम मिट्टी को अपनायेंगे ॥
उत्थान पतन है मिट्टी से, ऋषियों ने अविष्कार किया ।
रोगों पर मिट्टी औषधि है, हम जनता को बतलायेंगे ॥
अन्दर बाहर के रोगों को, जड़ से मिट्टी खो देती है ।
मल ग्रसित हमारी काया को, निर्मल सुन्दर कर देती है ॥

* स्तवनम् *

यत्कीर्तनं यत्स्मरणं यदीक्षणं
यद्वन्दनं यच्छ्रवणं यदर्हणम ।
लोकस्य सद्यो विधुनोति कल्मषं
तस्मै सुभद्रश्रव से नमो नमः ॥
तपस्विनो दानपरा यशस्विनो
मनस्विनो मन्त्रविदः सुमङ्गलाः ।
क्षेमं न विन्दन्ति बिना यदर्पणं
तस्मै सुभद्रश्रव से नमो नमः ॥

[जिस का कीर्तन, स्मरण, दर्शन, बन्दन, श्रवण और अर्हण अविलम्ब समस्त लोक के पाप का शमन करता है, उस पवित्र कीर्ति वाले को बार बार नमस्कार है ॥

तपस्वी, दानी, यशस्वी, मनस्वी, मन्त्रविद् और पुण्य-चरित्र व्यक्ति जिसे (अपनाअर्जन) समर्पित किये बिना कल्याण की प्राप्ति नहीं करते, उस पवित्र कीर्ति वाले को बार बार नमस्कार है ॥

—श्री मद्भागवत: शुकद्वारा स्तवन ।

[The Singing of whose glory, the constant remeмberance of whom, the obeisance to whom, the listening to whose glory and the honowring of whom instantantaneously blow away the sin of mankind—

To that Lo d of anspieious fame, I pay obeisance again & again without dedicating (their achievements) to whom, those who perform penances, those who give alms, those who gather fame, those who control their minds, those who real ze Mantras, and those who preseme character do not Atain the lasting welfare.—

To that Lord of anspicious fame, I pay obeisance again and again.

—Prayer by Shuka in Shrimad Bhagawat.

The Ideal and Shortcomings

[Shri Ram Chandra Ji, President S. R. C. M.]

As the world is transient, everyone has to depart sooner or later but someone goes without any load and somebody with load. Most of the people depart leaving wealth behind; and because of this alone their memory remains fresh in the minds of their heirs. But the earning of the spiritually perfect man is something else Unpossessed he goes possessed. I mean by unpossessed that the search of the possessed by becoming unpossessed is the search of the One by becoming alone. He has no concern with the comforts, luxuries, success and pleasures of the world. He is liberated from its bondage in his lifetime alone. And by possessed what I mean is that he takes along with him the bread for the way, that is, the real essence of his spiritual earnings. And leaves his spiritual earnings to his spiritual inheritors just like the householder; and each receives the quantity in proportion to his capcity and the remaining is swallowed by the descendent. And this reaches to initiated members only, becaus legally the spiritual offspring alone deserves it. Some part of course reaches those also who had special love with their teacher and who have attained 'LAYA AVSTHA' and this is right too. In spirituality the share goes to the really deserving and that is why I have repeatedly written

exhorting to become deserving of that thing; and for that two things are required. Love and Obedience. And both these things are interdependent.

